हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 109 | देहरादून, बृहस्पतिवार, 19 अक्टूबर, 2023 | मूल्य : एक रुपया | पृष्ठ : 08



सीएम सर ने बढ़ाया बच्चों का भोजन भत्ता, स्टूडेंट्स बोले थैंक्यू 3

# सीएम धामी की उपस्थिति में यूएई दौरे के दूसरे दिन 3550 करोड़ के इन्वेस्टमेंट MoU

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

अबू धाबी , 19 अक्टूबर , उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2023 हेतु संयुक्त राज्य अमीरात (यूएई) दौरे के दूसरे दिन उत्तराखण्ड सरकार के प्रतिनिधि मंडल ने अबू धाबी में विभिन्न उद्योग समूहों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री धामी की उपस्थिति में विभिन्न समूहों के साथ राज्य सरकार की ओर से यूएई दौरे के दूसरे दिन 3550 करोड़ के इन्वेस्टमेंट एमओयू किए गए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी उद्योग घरानों को आगामी 8 एवं 9 दिसम्बर माह में देहरादून में आयोजित होने वाले समिट हेतु निमत्रण भी दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री धामी के साथ कैबिनेट मंत्री डा. धनसिंह रावत भी मौजूद रहे।

अबू धाबी में उत्तराखण्ड सरकार द्वारा किए गए ₹3550 करोड़ के इन्वेस्टमेंट एमओयू में क्रमशः लूलू ग्रुप के साथ रियल एस्टेट सेक्टर हेतु 1000 करोड़, हायपर मार्केट के साथ हॉस्पिटेलिटी सेक्टर में निवेश हेतु 500 करोड़ एवं फूड पार्क हेतु 250 करोड़, एसीटी फैसिलिटिज मिडिल ईस्ट के साथ हॉस्पिटेलिटी सेक्टर में 1500 करोड़ एवं रिजेन्ट ग्लोबल के साथ फार्मा सेक्टर में निवेश हेतु 300 करोड़ के एमओयू शामिल हैं। इससे पूर्व यूएई दौरे के पहले दिन दुबई सीएम धामी की उपस्थिति में 11925 करोड़ के इनवेस्टमेंट एमओयू साइन किए गए थे। कुल मिलाकर संयुक्त अरब अमीरात में 15 हजार 475 करोड़ के इन्वेस्टमेंट एमओयू किए गए।

**मुख्यमंत्री ने किया आईसीएआई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग**

मुख्यमंत्री धामी ने अबु धाबी में इन्स्टीट्यूट ऑफ चार्टेड एकाउन्टेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भी प्रतिभाग किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि विश्व में चाटर्ड एकाउन्टेंट्स के सबसे बड़े संगठन के मेघावी सदस्यों के बीच आना अपने आप में गौवर का क्षण है। उन्होंने कहा कि देश दुनियां में उत्तराखण्ड की पहचान देवभूमि के रूप में है जहां एक ओर केदारनाथ, बदरीनाथ धाम, जागेश्वर आदि मंदिर स्थित हैं, वहीं हमारा प्रदेश गंगा और यमुना जैसी पवित्र नदियों का उद्गम स्थल भी है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि हमारी सरकार ने सांस्कृतिक, प्राकृतिक एवं आध्यात्मिक सुंदरता को बचाये रखते हुए प्रदेश के विकास का मार्ग चुना है। इसके लिए हमने सरलीकरण, समाधान, निस्तारीकरण और संतुष्टि को अपना मूलमंत्र माना है। उन्होंने कहा कि टूरिज्म, वेलनेस और हॉस्पिटेलिटी इंडस्ट्री के साथ-साथ उत्तराखण्ड में अनेक नए एवं गैर परंपरागत उद्योगों को विकसित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और केन्द्र सरकार के सहयोग से एक ओर जहां राज्य में पिछले पांच वर्षों में करीब 1 लाख 50 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाएं स्वीकृत हुई हैं, वहीं दूसरी ओर 20 हजार करोड़ से अधिक की विकास योजनाओं पर कार्य गतिमान है। उत्तराखण्ड भी अपनी अवस्थापना परियोजनाओं, सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा आदि के क्षेत्र में आपके ज्ञान एवं अनुभव का लाभ



लेने हेतु तत्पर है।मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में मौजूद उद्यमियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि रियल स्टेट क्षेत्र में यूएई ने अत्यंत प्रगति की है, यहाँ की प्रसिद्ध इमारतें विश्व में अपना प्रतिमान स्थापित कर चुकी हैं। उत्तराखण्ड भी अपने शहरों का सुनियोजित विकास एवं नये शहरों की स्थापना करने हेतु आपके साथ सहयोग करने का इच्छुक है, जिससे इस क्षेत्र में आपकी विशेषज्ञता का लाभ उठाया जा सके। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड सरकार निवेशकों को राज्य में सभी प्राथमिक आवश्यक सुविधायें उपलब्ध कराने हेतु सदैव तत्पर है और विशेष रूप से गत दो वर्षों में प्रदेश सरकार ने राज्य में निवेश आकर्षित करने की दिशा में सुनियोजित प्रयास किये हैं।

लन्दन एवं बर्मिंघम और उसके बाद दिल्ली के रोड शो के दौरान उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से 40 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, उससे यह सिद्ध होता है कि देश ही नहीं बल्कि विदेशों से भी उद्यमी, उत्तराखंड में निवेश करने के लिए उत्साहित हैं। कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत ने भी अपना सम्बोधन दिया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, सचिव मुख्यमंत्री डा. आर मीनाक्षी सुंदरम, सचिव शैलेश बगौली, सचिव उद्योग विनय शंकर पांड्य, महानिदेशक उद्योग रोहित मीणा समेत प्रतिनिधि मंडल के अन्य सदस्य एवं आईसीएआई के सदस्य मौजूद रहे।



# अबुधाबी में CM धामी की कारसेवा

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

दुबई , 19 अक्टूबर , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यूएई दौरे के दौरान अबू धाबी में निर्माणाधीन बीपीएस हिन्दू मन्दिर में ईंटे रखकर कारसेवा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अबू धाबी में यह अदभुत हिन्दू मन्दिर बन रहा है। यहां पर हिन्दू धर्म को स्थापित करने और मन्दिर का निर्माण का जो कार्य चल रहा है, यह हम सबके लिए गौरव के क्षण हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से इस मन्दिर का कार्य हो रहा है। उनके नेतृत्व में भारत को विश्व के अन्दर मान-सम्मान और अलग पहचान मिल रही है।

मुख्यमंत्री ने इस भव्य हिन्दू मन्दिर के निर्माण के लिए लगे सभी संयोजनकर्ताओं और निर्माणकर्ताओं का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह हिन्दू मन्दिर सांस्कृतिक विरासत, मूल्यों, सद्भाव और हिन्दू परंपराओं को बढ़ावा देने का कार्य भी करेगा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत भी उपस्थित थे।

# एसीएस राधा रतूड़ी ने राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल के गठन पर बैठक ली





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 19 अक्टूबर , राज्य में बैंकों एवं औद्योगिक आस्थानों, हैलीपैड एवं सरकारी उपक्रमों की पुख्ता सुरक्षा के लिए एक उत्तरदायी एवं संवेदनशील सुरक्षा बल की नितान्त आवश्यकता हैं। अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के तर्ज पर उत्तराखण्ड में राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल (एसआईएसएफ) के गठन हेतु कार्ययोजना बनाने के सम्बन्ध में सचिवालय में होमगाड्र्स, विभिन्न औद्योगिक संस्थानों, बैंक अधिकारियों, सिडकुल, नागरिक उड्डयन विभाग तथा गृह विभाग के अधिकारियों की बैठक ली।

एसीएस राधा रतूड़ी ने प्रदेश में स्थित सभी बैंकों, एयरपोर्ट्स, हैलीपेड, औद्योगिक संस्थानों, सिडकुल, राज्य एवं केन्द्र सरकार के उपक्रमों एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में सुरक्षा बलों की आपूर्ति से सम्बन्धित जानकारी गृह विभाग को जल्द प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने राज्य में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के तर्ज पर राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल (एसआईएसएफ) गठन के निर्देश दिए हैं। इसके लिए राज्य में बैंकों को करेंसी चेस्ट की सुरक्षा एवं एयरपोर्ट्स, हैलीपेड, औद्योगिक संस्थानों, सिडकुल, राज्य एवं केन्द्र सरकार के उपक्रमों एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए कितनी संख्या में सुरक्षा बलों की आवश्यकता होगी इसके सटीक आंकड़े जुटाना आवश्यक है। एसीएस ने कहा कि राज्य में बैंकों एवं औद्योगिक आस्थानों, हैलीपैड एवं सरकारी उपक्रमों की पुख्ता सुरक्षा के लिए एक उत्तरदायी एवं संवेदनशील सुरक्षा बल की नितान्त आवश्यकता है।

बैठक में उत्तराखण्ड होमगाड्र्स विभाग को एसआईएसएफ का कार्य दिये जाने के औचित्य पर भी विस्तृत चर्चा की गई। एसीएस ने सम्बन्धित अधिकारियों को उत्तराखण्ड होमगाड्र्स के प्रस्ताव का अध्ययन करने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर सचिव दिलीप जावलकर, अपर सचिव सी रविशंकर, विशेष सचिव गृह रिद्धिम अग्रवाल, विम्मी सचदेवा एवं उत्तराखण्ड होमगाड्र्स विभाग, सिडकुल, नागरिक उड्डयन विभाग, गृह विभाग, विभिन्न औद्योगिक संस्थानों व बैंकों के अधिकारी उपस्थित थे।

# उत्तराखंड में स्वरोजगार का जरिया बनेगा थाईलैंड का काला आम



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड 19 अक्टूबर : उत्तराखंड में ब्लैक स्ट्रांग मैंगो की खेती किसानों की आय का बड़ा जरिया बनेगी। आमतौर पर थाईलैंड में उगने वाला ब्लैक स्ट्रांग मैंगो खुद में कई खूबियों को समेटे हुए है। थाईलैंड में इजात इस प्रजाति का आम जल्द ही उत्तराखंड में भी लगाया जाएगा। पंतनगर में आयोजित हो रहे किसान मेले में काले आम की प्रजाति लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। ब्लैक स्ट्रांग मैंगो का पौधा थोड़ा महंगा जरूर है।

लेकिन इस आम में किसान को मालामाल कर देने की हर खूबी है। यह आम 600 रुपये प्रति किलो तक बिकता है। आपने अभी तक हरा, पीला और गुलाबी आम खाया और देखा होगा, लेकिन तराई में जल्द ही काले रंग का आम देखने और चखने को मिल सकेगा। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय परिसर में चार दिवसीय अखिल भारतीय किसान मेला एवं औद्योगिक प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कई राज्यों के व्यापारियों और पर्यावरण प्रेमियों ने स्टाल लगाए हैं।

पंजाब के श्यान एग्रो के किशन कुमार ने भी किसान मेले में अपना स्टॉल लगाया है। जिसमें ब्लैक स्ट्रांग मैंगो के पौधे प्रदर्शित किए गए हैं। किशन कुमार ने बताया कि खास किस्म के आम के पौधे का दाम 1500 रुपये है। इसके बावजूद लोग इसे पसंद कर रहे हैं। यह आम कई दिनों तक खराब नहीं होता, साथ ही सामान्य आम की अपेक्षा यह अधिक स्वादिष्ट और गुणों से भरपूर होता है।

इसकी कीमत बाहरी देशों में छह हजार रुपये प्रति किलो तक जाती है। इसमें किसान एक वर्ष में तीन बार आम का फल ले सकता है। यह आम सामान्य आम की अपेक्षा आकार में बड़ा होता है। किशन बताते हैं कि दो साल पहले थाईलैंड के एक संस्थान ने ब्लैक स्ट्रांग मैंगो की किस्म ईजाद की थी। जिसे उन्होंने अपने यहां विकसित कर इस बार मेले में प्रदर्शित किया है। पिछले दो दिन में किशन 30 से ज्यादा पौधे बेच चुके हैं।

# न दूरी है न खाई है, मोदी हमारा भाई है, बोले सूफी

## पसमांदा को रिझाने की मुहिम के लिए बीजेपी का महाअभियान

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 19 अक्टूबर , भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव, 2024 और साल के अंत में पांच राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनाव से पहले धीरे-धीरे मुसलमानों तक अपनी पहुंच बढ़ाने की कोशिश कर रही है. पूरे मुस्लिम समुदाय पर पकड़ बनाने के बजाय वह समुदाय के अलग-अलग हिस्सों को लुभाने की स्ट्रेटजी के तहत काम कर रही है. पसमांदा मुस्लिमों के साथ सूफी मुसलमानों पर भी बीजेपी ने अपना फोकस बढ़ा दिया है. इसी मकसद को पूरा करने के लिए बीजेपी ने अपनी रणनीतिक पहल के तहत 'सूफी संवाद महाअभियान' शुरू किया है. 12 अक्टूबर, 2023 को उत्तर प्रदेश के लखनऊ में सूफी संवाद महाअभियान हुआ और 100 दरगाहों के 200 सूफी इसमें शामिल हुए.

लखनऊ के कार्यक्रम में एक नारा लगा- न दूरी है न खाई है, मोदी हमारा भाई है. कार्यक्रम में मौजूद 200 सूफियों से यह नारा लगवाया गया और उन्हें समझाया गया कि कैसे देश के मुस्लिम समुदाय तक उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार के कामों, उनकी नीतियों और योजनाओं की जानकारियों को पहुंचाना है. इतना ही नहीं एक काम और इन सूफियों को करना है कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी जैसे विपक्षी दल बीजेपी को लेकर जो गलतफहमियां लोगों में फैलाते हैं उसे दूर करने की कोशिश करें.

लोगों की परेशानियों और मांगों को पार्टी तक पहुंचाया जाएगा







रिपोर्ट के मुताबिक, बीजेपी के अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रमुख जमाल सिद्दीकी ने बताया, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सूफियों की भारतीय परंपरा के अहम हिस्से के तौर पर सराहना करते हैं. सूफी आम लोगों के बीच रहते हैं. पीएम मोदी चाहते हैं कि बीजेपी सूफियों के जरिए प्रधानमंत्री के विजन और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देशभर की जनता तक पहुंचाए. यह पसमांदा आउटरीच से एक विशिष्ट आउटरीच है. इसका मकसद है कि सूफी आध्यात्मिक नेता समाज और विशेषरूप से मुस्लिम समुदाय से आने वाले अपने अनुयायियों तक बीजेपी का संदेश पहुंचाएं.' सिद्दीकी ने यह भी कहा कि इस कार्यक्रम का मकसद ये नहीं है कि सूफी बीजेपी में शामिल हों, लेकिन वह आम मुसलमानों तक पहुंचें और वार्ता करें. सिद्दीकी ने कहा कि कार्यक्रम के जरिए समुदाय के लोगों की परेशानियों और उनकी मांगों को पार्टी तक पहुंचाया जाएगा.

अब 22 राज्यों में सूफी संवाद की तैयारी

बीजेपी ने 22 राज्यों में कमेटियां बनाई हैं. लखनऊ जैसा कार्यक्रम अब 22 राज्यों में भी आयोजित करने की तैयारी चल रही है. इसके तहत, सिर्फ उत्तर प्रदेश में 10,000 दरगाहों के प्रमुखों के साथ पार्टी संवाद करेगी. उत्तर प्रदेश में अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रमुख कंवर बासित अली ने कहा कि पार्टी राज्य के सभी सूफियों से संपर्क करने की कोशिश करेगी और जिनसे उन्हें सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलेगी, उनके साथ मीटिंग की जाएगी. बासित अली ने कहा कि पीएम का विश्वास है कि सूफीवाद प्रेम, शांति और भाईचारे को फैलाने का काम करता है. अगर कोई किसी बीजेपी नेता से मिलकर अपनी परेशानी बताना चाहता है तो पार्टी के सांसद या विधायक को उनके पास भेजा जाएगा.

# देहरादून : फूड डिलीवरी के लिए बाइक तेज भगाई तो कंपनियों पर होगी कार्रवाई

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 19 अक्टूबर : देहरादून में करीब 1500 डिलीवरी बॉय कार्यरत हैं। आरटीओ प्रवर्तन शैलेश तिवारी ने बीते दिन सभी ऑनलाइन फूड डिलीवरी करने वाली कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ वार्ता की। कहा, प्रेम नगर के पास फूड डिलीवरी बॉय की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। कहा कि फूड डिलीवरी बॉय की सुरक्षा के सभी इंतजाम ऑनलाइन फूड सप्लाई कंपनियों की ओर से किए जाएं।

डिलीवरी बॉय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें। हेलमेट पर पीछे रिफ्लेक्टर अवश्य लगाएं। डिलीवरी बॉय रात्रि में रिफ्लेक्टर युक्त जैकेट या शर्ट पहनें, जिससे रात्रि में अन्य वाहन चालकों को बाइक सवार डिलीवरी बॉय आसानी से दिख जाएं। डिलीवरी बॉय को फूड डिलीवरी करने के लिए तेज गति से गाड़ी चलाने के लिए बाध्य न किया जाए।

डिलीवरी बॉय की सूची मांगी गई

डिलीवरी बॉय गाड़ी चलाने के दौरान मोबाइल पर बात न करें। आवश्यक होने पर ब्लूटूथ या इयरफोन से बात करें। डिलीवरी बॉय के पास गाड़ी के सभी वैध प्रपत्र व लाइसेंस हों। कंपनी की ओर से बताया गया कि डिलीवरी बॉय की सुरक्षा के लिए कंपनी सभी आवश्यक कदम उठा रही है। कंपनी प्रतिनिधियों से डिलीवरी बॉय की सूची मांगी गई है।देहरादून में ऑनलाइन फूड सप्लाई कंपनी में बतौर डिलीवरी बॉय काम करने वाला युवक तुषार मलिक छह अक्तूबर की रात सुभारती अस्पताल झाझरा धर्मकांटे के पास हादसे का शिकार हो गया। बाइक सवार तुषार मलिक कुरावा थाना फुगाना जिला मुजफ्फरनगर का रहने वाला था। वह अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया।नोएडा के सेक्टर-14-ए में कार ने डिलीवरी बॉय कौशल को टक्कर मार दी थी। कार उसे घसीटती हुई ले गई। ड्राइवर ने आगे जाकर कार रोकी। इटावा का रहने वाला कौशल नोएडा-दिल्ली के बीच फूड डिलीवरी का काम करता था।



# सीएम सर ने बढ़ाया बच्चों का भोजन भत्ता, स्टूडेंट्स बोले थैंक्यू

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 19 अक्टूबर , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का बच्चों से विशेष लगाव है। अक्सर वे जब भी किसी विद्यालय या आवासीय विद्यालय परिसर में जाते हैं तो बच्चों के साथ हल्के फुल्के पल बिताते हुए नजर आ जाते हैं। अभी हाल ही में मुख्यमंत्री धामी ने अपना जन्मदिन भी विशेष तौर से बनियावाला में स्थित आवासीय छात्रावास में बच्चों के बीच जाकर मनाया था। अब एक बड़ा फायदा इस भावनात्मक रिश्ते से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के आवासीय छात्रावासों में रहने वाले छात्र-छात्राओं को दिया है। मुख्यमंत्री के निर्देशों पर इन आवासीय छात्रावासों में रहने वाले छात्र-छात्राओं के भोजन भत्ते में दोगुनी बढ़ोत्तरी की गई है।

- छात्र-छात्राओं को मुख्यमंत्री धामी का तोहफा
- भोजन भत्ते में की गई दोगुनी बढ़ोत्तरी
- प्रदेश के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका छात्रावास
- नेताजी सुभाष चंद्र बोस छात्रावास
- राजीव गांधी नवोदय विद्यालय, में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को मिलेगा लाभ
- शिक्षा सचिव की ओर से जारी किए गए आदेश
- सम्बंधित समस्त जनपदों के अधिकारियों को भी जारी किया गया पत्र





भोजन भत्ते में अब तक की सर्वाधिक बढ़ोत्तरी

मुख्यमंत्री ने राज्य के शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिए हुए हैं कि कि इन आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों का विशेष ख्याल रखा जाए।अब मुख्यमंत्री ने राज्य के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका छात्रावास, नेताजी सुभाष चंद्र बोस छात्रावास एवं राजीव गांधी नवोदय विधायक में अध्ययनरत तमाम छात्र-छात्राओं को तोहफा देने का काम किया है। मुख्यमंत्री के निर्देशों पर इन आवासीय विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों के दैनिक भोजन भत्तों में ऐतिहासिक दोगुना दर से वृद्धि की गई है। दैनिक भोजन के लिए छात्रों हेतु 150 रुपये प्रतिदिन की धनराशि को मंजूरी प्रदान की गई है।

शिक्षा सचिव रविनाथ रमन की ओर से आज आदेश जारी कर दिए गए हैं। महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा वंशीधर तिवारी ने बताया है कि यह वृद्धि कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका छात्रावास, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस छात्रावास एवं राजीव गांधी नवोदय विद्यालय के छात्रावासों में पंजीकृत विद्यार्थियों हेतु भोजन भत्ता मद में की गई है। इस संबंध में समस्त जनपदों के अधिकारियों को पत्र जारी कर दिए गए हैं।

# ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट से फार्मा सेक्टर को लगेंगे पंख : ताजबर सिंह, राज्य औषधि नियंत्रक

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 19 अक्टूबर , उत्तराखंड औषधि निर्माण में देश का प्रमुख हब बनने की दिशा में है। प्रदेश सरकार ग्लोबल इंवेस्टर्स सम्मिट के माध्यम से फार्मा सेक्टर को भी प्रोत्साहन दे रही है। नई औद्योगिक नीति के कारण मिले अनुकूल माहौल से राज्य में फार्मा सेक्टर में निवेश बढ़ा है। राज्य औषधि नियंत्रक ताजबर सिंह के अनुसार फार्मा कंपनियों का कारोबार लगातार बढ़ रहा है। विभाग का प्रयास है कि इन कंपनियों में उच्च गुणवत्तापूर्ण दवाएं निर्मित हों और साथ ही देश में कंपनियों की दवाओं का शेयर भी बढ़ें ताकि प्रदेश को अधिक राजस्व और रोजगार मिल सकें। राज्य औषधि नियंत्रक ताजबर सिंह ने बताया प्रदेश में मुख्य तौर पर हरिद्वार, सेलाकुई और पंत नगर में ड्रग्स निर्माता फार्मा कंपनियां हैं। प्रदेश में कुल 249 फार्मा कंपनियां हैं। देश में निर्मित होने वाली कुल दवाओं के उत्पादन में उत्तराखंड का योगदान लगभग 20 प्रतिशत है।

**निवेश और रोजगार की असीम संभावनाए**

राज्य औषधि नियंत्रक ताजबर सिंह के मुताबिक उत्तराखंड के अनुसार प्रदेश में वर्ष 2022 के दौरान फार्मा सेक्टर में लगभग 15 हजार करोड़ का कारोबार किया। अहम बात यह है कि इसमें से 1150 करोड़ रुपये की दवाएं निर्यात की गयी। प्रदेश में फार्मा सेक्टर से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर हजारों लोग जुड़े हैं। इस सेक्टर में निवेश और रोजगार की असीम संभावनाएं हैं।

एकल खिड़की योजना का मिल रहा फायदा

राज्य औषधि नियंत्रक ताजबर सिंह ने बताया औद्योगिक नीति के चलते उत्तराखण्ड राज्य फार्मा हब के रूप में विकसित हो रहा है। राज्य में औषधि निर्माता फर्मों के लिए सहज वातावरण है। औद्योगिक नीति के तहत एकल खिड़की योजना के अन्तर्गत उद्योगों की कंसेंट औश्र अनापत्ति प्रमाणपत्रों के आवेदन एवं निस्तारण किये जाते हैं। प्रदेश में निवेश के लिए अनुकूल वातावरण, संसाधन, सुविधाएं और माहौल है। प्रदेश में मानकों के तहत उच्च गुणवत्तापूर्ण औषधियों का निर्माण हो, इसके लिए औषधि नियंत्रण विभाग सतर्क है और समय-समय पर दवाओं की गुणवत्ता और मानकों की जांच करता है।

**सब जोन ऑफिस उत्तराखण्ड में स्थापित :** राज्य औषधि नियंत्रक ताजबर सिंह ने कहा सरकार के प्रयासों से निर्माता फर्मों के आवेदनों के निस्तारण हेतु केन्द्रीय औषधि मानक संगठन के सब जोन ऑफिस उत्तराखण्ड में स्थापित करवाया गया है। फार्मा कंपनियों के लिए ऑनलाइन लाइसेंस प्रक्रिया होने के कारण आवेदन की जटिलता को समाप्त किया गया है तथा उच्च गुणवत्ता की दृष्टि से समस्त अनुज्ञप्तियां भारत सरकार एवं राज्य सरकार के संयुक्त निरीक्षण उपरान्त ही जारी किये जा रहे हैं, जिससे किसी प्रकार की अनियमिताएं न रहें।

**शिकायत के लिए बना है टोल फ्री नंबर**

राज्य औषधि नियंत्रक ताजबर सिंह ने कहा दिसम्बर में आयोजित होने वाले ग्लोबल इंवेस्टर्स सम्मिट में फार्मा सेक्टर को बहुत सी उम्मीदें हैं। प्रदेश में औषधि विभाग से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त किये जाने एवं किसी प्रकार की शिकायत के लिए टॉल फ्री नं. 1800 180 4246 उपलब्ध है। औषधियों के निर्धारित मूल्य पर विक्रय किये जाने के लिए यूकेपीएमआरयू सोसायटी की स्थापना भारत सरकार के निर्देशों पर किया गया है। जिसका लाभ आम जनमानस को मिल रहा । इस सम्बन्ध में टॉल फ्री नं0 1800 180 4249 भी चालू कर दिया गया है। राज्य औषधि नियंत्रक ताजबर सिंह ने कहा सामान्यतः दुरूपयोग होने वाली मनःप्रभावी औषधियों पर नियंत्रण के उद्देश्य से राज्य औषधि नियंत्रक द्वारा समस्त औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों पर एक समय पर भण्डारण किये जाने की मात्रा निर्धारित की गयी है।



- फार्मा हब के तौर पर विकसित हो रहा है उत्तराखंड
- 249 औषधि निर्माण इकाइयां, हजारों लोगों को मिला है प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रोजगार
- शिकायत के लिए बना है टॉल फ्री नं. 1800 180 4246



# कुंजापुरी मेले में छात्रों ने गाए गढ़वाली, कुमाऊनी गीत

नई टिहरी । सुप्रसिद्ध 47 वे मां कुंजापुरी पर्यटन एवं विकास मेले में बीते मंगलवार की सांस्कृतिक संध्या पर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने गढ़वाली, कुमाऊनी, राजस्थानी और लोकगीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। कुंजापुरी पर्यटन विकास मेले में मंगलवार रात की सांस्कृतिक संध्या छात्र-छात्राओं के नाम रही। सांस्कृतिक संध्या में क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने गढ़वाली, कुमाऊनी, राजस्थानी, पंजाबी सहित अन्य गीतों पर मनमोहक प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्राथमिक वर्ग (अनिवार्य) में गुरुराम राय पब्लिक स्कूल नरेन्द्रनगर ने प्रथम, माउंट कार्मल एकेडमी ने द्वतीय स्थान प्राप्त किया, प्राथमिक वर्ग (ऐच्छिक) में गुरुराम राय पब्लिक स्कूल नरेन्द्रनगर प्रथम और सरस्वती शिशु मंदिर नरेन्द्रनगर ने द्वितीय स्थान हासिल किया गया। उच्च वर्ग (अनिवार्य ) में राजकीय महाविद्यालय नरेंद्रनगर ने प्रथम तथा राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज नरेन्द्रनगर ने दूसरे स्थान हासिल किया। बुधवार को दोपहर बाद महिला फुटबॉल और वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। सांस्कृतिक संध्या में विभिन्न कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। मौके पर मेला संरक्षक कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ,मेला समिति अध्यक्ष राजेंद्र विक्रम सिंह पंवार, खेल विभाग अध्यक्ष साकेत बिजल्वाण, प्राचार्य प्रो. आरके उभान, सूर्यप्रकाश जोशी, महेश गुसाईं, रमेश असवाल, डॉ. विक्रम, ऋतुराज नेगी, मदन लाल चमोली, पुष्पा राणा आदि उपस्थित थे।

# पढ़ लें खबर वरना शादियों में गाड़ियां सजाना पड़ेगा भारी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 19 अक्टूबर , उत्तराखंड के व्यावसायिक वाहन चालक , ड्राइवर्स और ट्रेवल एजेंसी चलाने वाले ध्यान से पढ़ लें ये खबर वरना शादियों में गाड़ियां सजाना भारी पड़ सकता है। दरअसल शादियों का सीजन शुरू होने के साथ परिवहन विभाग भी यातायात व्यवस्था को लेकर सख्त हो गया है. अब वाहन स्वामियों को शादी की बुकिंग लेने के साथ-साथ परिवहन विभाग में भी ऑनलाइन पंजीकरण करवाना होगा.अगर आप उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल में हैं और शादी समारोह में सवारी गाड़ी ले जा रहे हैं, तो पहले वाहन का पंजीकरण जरूर करा लें, नहीं तो आरटीओ पौड़ी की सख्त कार्यवाही आपके रंग में भंग डाल सकती है।





सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए आरटीओ पौड़ी द्वारा प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं. जिसके तहत सेफ सफर पौड़ी सॉफ्टवेयर लांच किया गया है. इस सॉफ्टवेयर का उद्देश्य शादी समारोह में बुकिंग लेने वाले वाहनों का पंजीकरण कर उनकी मॉनिटरिंग करना है. जिससे कि शादी जैसे शुभ कार्य में किसी तरह की अप्रिय घटना न हो. आरटीओ अनिता चंद ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि शादी समारोह का सीजन शुरू होने वाला है. उन्होंने मोटर यान अधिनियम में दिए गए प्रावधानों का पालन करते हुए सभी वाहन स्वामियों तथा चालकों से विवाह समारोह में परिचालन से पूर्व शासकीय पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाने की अपील की जा रही है.

अब तक किए गए 35 पंजीकरण

आरटीओ अनिता चंद ने मीडिया को बताया कि सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए प्रशासन की ओर से सेफ सफर पौड़ी सॉफ्टवेयर का शुभारंभ किया गया था. अब तक सॉफ्टवेयर के माध्यम से वाहन चालकों और स्वामियों के द्वारा विवाह समारोह आदि में प्रचलन से पूर्व शासकीय पोर्टल पर 35 पंजीकरण किये जा चुके हैं.

घोषणा पत्र देना जरूरी

बताया कि शादी समारोह में बुकिंग पर जा रहे वाहनों का पंजीकरण के साथ पोर्टल में वाहन स्वामी और चालक द्वारा शराब पीकर वाहन न चलाने तथा ओवरलोडिंग न करने संबंधी घोषणा पत्र भी देना जरूरी है. साथ ही शादी के दौरान अपने वाहन में पंजीकरण संबंधी दस्तावेज रखना भी अनिवार्य रहेगा. अगर किसी वाहन चालक शादी बुकिंग में शासकीय पोर्टल पर बिना रजिस्ट्रेशन के जाता है तो नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी.

# छोटे बच्चों में होने वाला खतरनाक कैंसर है रेटिनोब्लास्टोमा, ये हैं इसके लक्षण

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 19 सितम्बर : आंख के कैंसर के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए हर साल मई के दूसरे सप्ताह में विश्व रेटिनोब्लास्टोमा जागरूकता सप्ताह मनाया जाता है। तो इस साल 14 मई से 20 मई तक रेटिनोब्लास्टोमा अवेयरनेस वीक मनाया जा रहा है। इस बारे में जानकारी होना जरूरी है कि 5 साल से कम उम्र के बच्चों में व्हाइट रिफ्लेक्स होना कैंसर का संकेत हो सकता है। अगर इसका पता जल्द लगाया जाए तो ऐसे बच्चे जिन्दा रह सकेंगे।

रेटिनोब्लास्टोमा 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में बचपन में होने वाला सबसे नॉर्मल आई कैंसर है। इससे एक या दोनों आंखों पर असर पड़ सकता है। 20-30% मामले वंशानुगत होते हैं जिसका मतलब है कि यह एक पीढ़ी को दूसरी पीढ़ी से विरासत में मिलता है और बाकी मामले छिटपुट प्रकृति के होते हैं। पूरी दुनिया में हर साल 4000-5000 इसके नए मामले सामने आते हैं जिनमें से 1500-2000 मामले भारत से होते हैं इसलिए जरूरी हो जाता है कि इस कैंसर के बारे में और उसके उपचार को जानना।

ल्यूकेमिया या हड्डी के कैंसर जैसे बचपन में होने वाले अन्य प्रकार के ट्यूमर्स की तुलना में अगर इस कैंसर का पता जल्द लग जाए और शरीर के अन्य हिस्सों में फैलने से पहले इसका




इलाज हो जाए तो इससे इसका उपचार संभव है। लेकिन जागरूकता की कमी, निदान और उपचार में देरी की वजह से यह गंभीर होता जाता है। इसलिए इस कैंसर के शुरुआती लक्षणों और संकेतों के बारे में माता-पिता, दादा-दादी समेत स्वास्थ्य कर्मचारियों में भी जागरूकता फैलाना जरूरी है। लक्षणों को पहचानते हुए उचित इलाज से इसे गंभीर होने से काफी हद तक रोका जा सकता है और बच्चे की आंखों और जीवन को बचाया जा सकता है

इन लक्षणों पर दें ध्यानचूंकि रेटिनोब्लास्टोमा ज्यादातर बच्चों में होता है इसलिए इसके लक्षण स्पष्ट नजर नहीं आते हैं और शुरुआत में तो बिल्कुल ही पता नहीं चलते। इसके लक्षणों में कम नज़र आना, आंखें लाल पड़ना, आंखों में दर्द, सूजन और कभी-कभी नेत्रगोलक का बाहर की ओर निकलना (प्रॉपटोसिस) भी शामिल हो सकता है।

# आपको को भी है सुबह उठते ही फोन देखने की आदत, जान लें इसके नुकसान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 19 अक्टूबर : आजकल के समय में मोबाइल हर किसी के जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुका है। हम हर वक्त फोन का इस्तेमाल करते हैं।फोन से इतना जुड़ गए हैं कि रात को सोने से पहले और सुबह उठते ही हमें सिर्फ अपना फोन ही नजर आता है। हम सभी सुबह उठते ही फोन का इस्तेमाल करने लगते हैं, लेकिन क्या आपको यह पता है कि सुबह उठते ही फोन का इस्तेमाल करने से कई तरह के नुकसान हो सकते हैं। आज हम आपको बताएंगे कि सुबह उठते ही फोन का इस्तेमाल क्यों नहीं करना चाहिए।

हाल ही में यूनाइटेड किंगडम में करीब 2000 लोगों पर एक सर्वे कराया गया। इस सर्वे में पाया गया कि जो लोग सुबह उठकर फोन का इस्तेमाल करते हैं उनके दिन की शुरुआत स्ट्रेस से होती है। जिसके कारण उन्हें अपने कार्य करने में कई दिक्कतें आती हैं। विशेषज्ञों की मानें तो , सुबह उठते ही जब हम मोबाइल में नोटिफिकेशन देखते हैं, हमारा दिमाग सिर्फ उसी विषय के बारे में सोचने लगता है। जिसके कारण हमारा दिमाग किसी दूसरे काम में नहीं लगता है। ऐसा करने से हमारे कार्यक्षमता पर भी असर पड़ता है। सुबह उठते ही जब हम किसी चीज के बारे में सोचने लगते हैं। लगातार उस विषय के बारे में सोचने से हमें तनाव और एंजाइटी होने लगती है। ऐसा कहा जाता है कि सुबह के वक्त कई लोगों का ब्लड प्रेशर बढ़ा हुआ होता है।

ऐसे में ज्यादा तनाव लेने से ब्लड प्रेशर लेवल और बढ़ सकता है। इसके कारण आपको कई गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। सुबह उठते ही जब हम अपनी मेल या नोटिफिकेशन चेक कर रहे होते हैं। तब हम बीते दिनों की बातों को पढ़ रहे होते है। जिसके कारण हम अपने वर्तमान को भूलकर अतीत में जीने लगते हैं। इसकी वजह से आप अपना मन और दिमाग को वर्तमान में नहीं लगा पाते हैं। जिसके कारण आपके दिन की शुरुआत अच्छे ढंग से नहीं होती है। एक्सपर्ट्स के अनुसार सुबह उठते ही फोन का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। आप सुबह उठने के बाद मेडिटेशन और योगा भी कर सकते हैं। मेडिटेशन और योग करने से आपका मन और दिमाग को शांति की प्राप्ति होगी। जिसकी वजह से आप अपने कार्य बेहतर तरीके से कर पाएंगे।

# क्यों लंबा होता जा रहा दिन? कभी सिर्फ 6 घंटे होते थे

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 19 अक्टूबर , 21 जून साल का सबसे बड़ा दिन होता है. इस दिन घंटों के हिसाब से सबसे ज्यादा घंटों का दिन होता है. आप चाहें तो ऐसे भी कह सकते हैं इस दिन रात छोटी होती है. लेकिन अगर हम आपसे कहें कि धरती पर दिन लगातार लंबा होता जा रहा है, तो शायद ही आपको यकीन होगा. क्योंकि हमारी लाइफस्टाइल ऐसी हो गई है कि हमें दिन छोटा ही नजर आता है. मगर अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने बताया कि सच में दिन लंबा होता जा रहा है. एक ऐसा भी वक्त था जब धरती पर सिर्फ 6 घंटे का दिन हुआ करता था, लेकिन आज 24 घंटे का दिन माना जाता है. आखिर इसके पीछे वजह क्या है? अजबगजब नॉलेज सीरीज की अगली कड़ी में आज बात इसी की.

सबसे पहले जानिए दिन का निर्धारण कैसे होता है? हम सब जानते हैं कि धरती अपनी कक्षा में सूर्य के चक्कर लगाती है. कक्षा में पृथ्वी की स्थिति के मुताबिक दिन और रात का निर्धारण होता है. सूर्य धरती के उत्तरी गोलार्ध के लंबवत है, इसकी वजह से सूर्य की किरणें कर्क रेखा पर सीधी आती हैं. जितनी देर तक सूर्य की किरणें धरती पर पड़ती हैं. उतने समय का दिन माना जाता है. इसे ऐसे समझें कि 21 जून को पृथ्वी ऐसी स्थिति में होती है जहां ज्यादा देर तक सूर्य की रोशनी पृथ्वी पर पड़ती है. इसलिए दिन लंबा होता है. ये तो हुई ए दिन की बात. मगर धरती पर दिन की लंबाई दिनोंदिन बढ़ती जा रही है. ऐसा क्यों हो रहा है, इसकी वजह अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने बताई है.

वजह नासा से जानिए

नासा के मुताबिक, रिसर्च बताती है कि 4.6 अरब वर्ष पहले जब पृथ्वी का निर्माण हुआ था, तब इसका दिन लगभग छह घंटे का रहा होगा. 620 मिलियन वर्ष पहले तक यह बढ़कर 21.9 घंटे हो गया था. आज, औसत दिन 24 घंटे लंबा है, लेकिन हर सदी में लगभग 1.7 मिलीसेकंड



बढ़ रहा है. वजह दिलचस्प है. चंद्रमा ज्वार (गुरुत्वाकर्षण) के माध्यम से पृथ्वी के घूमने की रफ्तार को धीमा कर रहा है. पृथ्वी के घूमने के कारण इसके ज्वारीय महासागरीय उभारों की स्थिति चंद्रमा-पृथ्वी अक्ष से थोड़ा आगे खिंच जाती है, जिससे एक घुमाव बल उत्पन्न होता है जो पृथ्वी के घूर्णन को धीमा कर देता है. इसकी वजह से हमारा दिन लंबा होता जा रहा है, लेकिन इतना लंबा नहीं कि आपके व्यस्त कार्यक्रम पर कोई फर्क पड़ सके.

चांद न हो तो क्या होगा

चांद से जुड़ी एक और बात. अगर चांद नहीं होता तो दिन सिर्फ 6 से 12 घंटे का ही होता. इतना ही नहीं, एक साल में 365 दिन नहीं, 1400 से ज्यादा दिन होते. समुद्रों में ज्वारभाटा नहीं आता. रात में हल्की रोशनी दिखती है, वह भी नहीं नजर आती. सभी जगह घना अंधेरा होता. चंद्रमा नहीं होता कोई भी सूर्यग्रहण या चंद्रग्रहण नहीं देख पाता. क्योंकि सूरज को ढंकने के लिए चांद होता ही नहीं तो ग्रहण लगता ही नहीं. और सबसे दिलचस्प बात, अगर चांद नहीं होता शायद धरती पर मानव जाति की उत्पत्ति ही नहीं हुई होती. अगर हो भी जाती तो शायद विकास नहीं हो पाता. कुल मिलाकर, चांद धरती के लिए सबसे महत्वपूर्ण ग्रह है. इसके बिना धरती एक बहुत ही अलग जगह होती.

# गंभीर समस्याओं का कारण बन सकता है हाइपरटेंशन, रहे सावधान





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 19 अक्टूबर : बिगड़ती जीवनशैली और काम के बढ़ते बोझ की वजह से इन दिनों लोग कई समस्याओं का शिकार हो रहे हैं। डायबिटीज, बीपी जैसी समस्याएं आजकल काफी आम हो चुकी हैं, जिससे कई लोग परेशान हैं। हाइपरटेंशन भी इन्हीं समस्याओं में से एक है, जो कई बार स्ट्रोक, दिल और किडनी की बीमारियों की वजह बनता है। कम लोग यह जानते होंगे कि हाई ब्लड प्रेशर की समस्या को ही मेडिकल की भाषा में हाइपरटेंशन कहा जाता है। जिसके प्रति लोगों को जागरूक करने के मकसद से हर साल 17 मई को विश्व हाइपरटेंशन दिवस मनाया जाता है। आप भी हाइपरटेंशन की समस्या से जूझ रहे हैं, तो हम आपको बताएंगे कुछ ऐसे आयुर्वेदिक इलाज के बारे में, जिसकी मदद से आप इस समस्या से निजात पा सकते हैं।

अर्जुन की छालकई औषधीय गुणों से भरपूर अर्जुन की छाल सेहत के लिए बेहद लाभकारी होती है। यह कई बीमारियों के इलाज के लिए भी इस्तेमाल की जाती है। हाई ब्लड प्रेशर की समस्या को कम करने के लिए भी अर्जुन की छाल बेहद फायदेमंद मानी जाती है। इतना ही नहीं इसके सेवन से शरीर में बढ़ा कोलेस्ट्रॉल का लेवल भी कम होता है। नियमित रूप से इसकी चाय बनाकर पीने से हाइपरटेंशन से राहत मिलती है।

चुकंदर हमारी सेहत के लिए काफी लाभकारी होता है। यही वजह है कि डॉक्टर भी इसे डाइट में शामिल करने की सलाह देते हैं। इसमें मौजूद पोषक तत्व न सिर्फ शरीर में खून की कमी को दूर करते हैं, बल्कि हाइपरटेंशन से भी राहत दिलाते हैं। ऐसे में आप चुकंदर को सलाद या जूस के रूप में अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।त्रिफलाऔषधीय गुणों से भरपूर त्रिफला का जिक्र आयुर्वेद में भी मिलता है। हाई ब्लड प्रेशर की समस्या से निजात पाने के लिए त्रिफला एक बेहतरीन उपाय है। यह शरीर में ब्लड सरकुलेशन में सुधार कर रक्त वाहिकाओं पर पड़ने वाले दबाव को कम करता है। ऐसे में अगर आप हाइपरटेंशन के शिकार हैं, तो रोजाना रात में खाने के 2 घंटे बाद एक चम्मच त्रिफला चूर्ण आपको फायदा पहुंचा सकता है। इसके सेवन से रक्तचाप नियंत्रित रहता है और पाचन तंत्र भी ठीक होता है।अश्वगंधातनाव हाइपरटेंशन का एक मुख्य कारण है। ऐसे में अगर आप अश्वगंधा का सेवन करते हैं, तो इससे तनाव दूर करने में मदद मिलती है। दरअसल, अश्वगंधा में तनाव दूर करने वाले औषधीय गुण पाए जाते हैं। अगर आप भी तनाव या हाइपरटेंशन की समस्या से जूझ रहे हैं, तो दूध में एक चम्मच अश्वगंधा मिलाकर नियमित रूप से पीने से आपको फायदा मिलेगा।दालचीनीदालचीनी भारतीय किचन में इस्तेमाल होने वाले प्रमुख मसालों में से एक है। यह न सिर्फ हमारे खाने का स्वाद बढ़ाता है, बल्कि सेहत को भी कई सारे फायदे हो जाता है। इसमें मौजूद पोटैशियम,फाइबर, कैल्शियम जैसे गुण उच्च रक्तचाप की समस्या से राहत दिलाने में मदद करते हैं। ऐसे में दालचीनी के पानी का सेवन करने से हाइपरटेंशन की समस्या में आराम मिलता है।

# पौड़ी पुलिस ने छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण देने का मिशन किया तेज



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

पौड़ी , 19 अक्टूबर , पौड़ी गढ़वाल की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे द्वारा "एक साझू प्रयास पुलिस वाला गुरजी का साथ₹ यानि ₹आपका और पुलिस का सामूहिक प्रयास₹ की थीम पर थानों पर नियुक्त समस्त हेल्प डेस्क कार्मिकों को अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत शिक्षण संस्थानों में जाकर छात्राओं को जागरूक करते हुये आत्मरक्षा प्रशिक्षण देने हेतु निर्देशित किया गया है।

जिसके क्रम में महिला थाना श्रीनगर पुलिस टीम द्वारा "देवभूमि पब्लिक स्कूल नकोट बिलकेदार" में छात्राओं को Self Defence Training/UAC (Un Armed Combat ) का प्रशिक्षण दिया गया जिससे स्कूली छात्राओं को विपरीत परिस्थितियों में बहादुरी से सामना करने में सहायता मिलेगी व उनमें सुरक्षा की भावना भी जागृत होगी।

■ **पौड़ी पुलिस स्कूलों मा जै कि बेटियों तै सिखोंण लगी च आत्मरक्षा का गुर, अब बेटियाँ खुद करली अपणी रक्षा**

सोशल साइट्स पर असामाजिक तत्वों द्वारा फेक आईडी बनाकर छात्राओं के साथ ब्लैकमेलिंग जैसी घटनायें की जाती हैं, इस प्रकार की घटनाओं से बचने के लिये छात्राओं को साईबर सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गयी।छात्राओं को अपने कानूनी अधिकारों के सम्बन्ध में जागरूक करने के लिये पोक्सो एक्ट/Legal Rights के बारे में भी जानकारी दी गयी।

छात्राओं को महिला सम्बन्धी अपराध, आपातकालीन नम्बर डायल-112, साइबर हेल्पलाइन-1930 और उत्तराखण्ड पुलिस एप में महिला सुरक्षा हेतु उपलब्ध गौरा शक्ति मॉड्यूल में रजिस्ट्रेशन करने के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया गया साथ ही छात्राओं को "गुड टच बैड टच" के अन्तर के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया।



# BDC दीपक सैनी ने गांव वासियों के सहयोग से कराया टूटी सड़क का निर्माण



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

सहरानपुर 19 अक्टूबरः छुटमालपुर गांव कमालपुर में सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी थी, इसी रास्ते से ग्रामीणों का प्रतिदिन आना जाना लगा रहता है। सड़क मार्ग क्षतिग्रस्त होने से लोग काफी परेशान हुए और कई बार संबंधित अधिकारियों तथा सड़क निर्माण कार्य में लगे कर्मचारियों से शिकायत के बाद भी सड़क की स्थिति नहीं सुधरी उसके बाद कमालपुर बीडीसी दीपक सैनी ने गांव वासियों के सहयोग से स्वयं इस कार्य में लग गये। जिसमें गांव के लोगों ने सहयोग किया। गांव के लोगों ने बताया कि इस सड़क मार्ग के लिए कई बार शिकायत की गई लेकिन इस सड़क मार्ग को सही नहीं कराया गया जिसकी वजह से ग्रामीणों को काफी परेशानी होती थी। सड़क पूरी तरह से टूट चुकी थी जगह-जगह गड्ढे हो गए थे ग्राम प्रधान से भी शिकायत की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई तत्पश्चात गांववासी मिलकर स्वयं इस मार्ग का निर्माण गए ।

# समस्याओं को शिक्षा अधिकारियों से की वार्ता

नई टिहरी। अशासकीय माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने विकास खण्ड चंम्बा के अशासकीय विद्यालयों का भ्रमण किया। सभी विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों के एक मात्र पंजीकृत संगठन अशासकीय माध्यमिक शिक्षक संघ उत्तराखंड की सदस्यता ग्रहण करवाते हुए समस्याओं के निस्तारण के एकजुट होकर लडने का भरोसा दिया। संगठन के पदाधिकारियों का स्वागत भी विद्यालयों में किया गया, साथ ही पदाधिकारियों के समक्ष अपनी विभिन्न समस्याओं को रखा गया। संगठन के पदाधिकारियों ने आश्वस्त किया कि संगठन सभी की समस्याओं के लिए संघर्ष करेगा।अशासकीय विद्यालयों एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के गौरवमयी इतिहास को पुनः कायम करने का काम करेगा। इसके पश्चात संगठन के पदाधिकारियों के द्वारा जूनियर हाईस्कूलों की विभिन्न समस्याओं को लेकर डीईओ बेसिक से वार्ता की। जिसमें मुख्य मांग प्रत्येक महीने की 5 तारिख तक वेतन का भुगतान एवं एनपीएस की धनराशि को प्रान खातों जमा करने को खाता नई टिहरी में खोलने की मांग की। इस माह के वेतन का भुगतान अविलम्ब करने की भी मांग की। संगठन के मांग पर प्रोन्नत वेतनमान के लंबित प्रकरणों के अविलम्ब निस्तारण करने को डीईओ बेसिक ने निदेशक बेसिक शिक्षा से सीधे दूरभाष पर वार्ता की। सम्बंध में जिला शिक्षा अधिकारी महोदय ने बेसिक शिक्षा निदेशक से दूरभाष पर विस्तार पूर्वक वार्ता की।

# पीएच. डी. को हिंदी में क्या कहते हैं ? 99 % लोगों को नहीं पता

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 19 अक्टूबर , आपने दुनिया में ऐसी तमाम तरह की चीजें सुनी होंगी, जिनका अर्थ जानने में शायद ही आप आसानी से दिलचस्पी रखते होंगे. कभी ये कोई चीज होती है तो कभी कोई ऐसा टर्म, जो इस्तेमाल रोजाना होता है लेकिन मतलब कम ही लोगों को पता होता है. एक ऐसा ही एजुकेशनल टर्म है -पीएच.डी, जो किसी भी विषय की सबसे उच्च शिक्षा मानी जाती है.


हिंदी में क्या कहते हैं Ph.D. को ?

ऑनलाइन प्लेटफॉर्म कोरा पर कुछ लोगों ने इसे लेकर सवाल पूछा. एक यूजर ने पूछा कि आखिर पीएचडी को हिंदी में क्या कहा जाता है? आप भी ये सवाल सुनकर सिर खुजाने लगेंगे क्योंकि कुछ लोगों को बामुश्किल इसका फुल फॉर्म पता होता है, फिर हिंदी अर्थ जानने की किसे पड़ी है. आज हम आपको इसी टर्म के बारे में बताएंगे.

हमारे देश में आज भी हिंदी भाषी लोगों की आबादी काफी ज्यादा है. शहरों में भले ही लोग अंग्रेजी मीडियम स्कूलों में पढ़कर इंग्लिश लैंग्वेज का अच्छा ज्ञान हासिल कर चुके हैं लेकिन हिंदी भाषा को बोलने वालों की कमी नहीं है. वो बात अलग है कि हिंदी बोलने वालों को भी पूरी हिंदी का ज्ञान नहीं है. पीएचडी. की हिंदी जब किसी ने पूछी तो कुछ यूजर्स ने इसका सटीक जवाब दिया. उन्होंने बताया कि पीएच. डी. को हिंदी में विद्यावाचस्पति की उपाधि कहा जाता है. यहां विद्या से ज्ञान और वाचस्पति से विद्वान का अर्थ निकलता है.

क्या है Ph.D.का फुल फॉर्म ?

हिंदी में तो हम Ph.D.का अर्थ समझ गए लेकिन बहुत से लोगों को इस डिग्री का अंग्रेजी में भी सही अर्थ नहीं पता होगा. Ph.D. दरअसल दो शब्दों से मिलकर बना है. इसका पूरा नाम है – डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी. यूं तो फिलोसोफी का मतलब दर्शनशास्त्र होता है लेकिन यहां इसे गहन विज्ञान से लिया गया है.




# यूपी पुलिस ने उत्तराखंड में मारी रेड, यह पूरा मामला

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 19 अक्टूबर : आपको बता दें कि देहरादून में नवविवाहिता को प्रताड़ित करने से लेकर गर्भपात होने के आरोप में फरार चल रहे आरोपी पति को बरेली पुलिस ने छापा मारकर दबोच लिया, जिसके बाद पुलिस टीम आरोपी पति को अपने साथ ले गई। जल्द ही मुकदमे में नामजद अन्य आरोपियों की भी गिरफ्तारी की जा सकती है।जानकारी के मुताबिक आपको बता दें कि यूपी के बरेली के थाना किला में विवाहिता सुमैरा पुत्री जाकिर निवासी केलाबाग ने मुकदमा दर्ज कराया था कि उसका निकाह अजहर उद्दीन पुत्र मोईन उद्दीन निवासी 41 ईस्ट शिमला एनक्लेव देहरादून के साथ बरेली क्लब बरेली में पिछले साल नवंबर माह में हुआ था। आरोप है कि उसके पिता ने विवाह में भारी भरकम रकम खर्च करते हुए एक कार, सोने चांदी के जेवरात समेत अन्य घरेलू सामान दिया था।

बता दें कि आरोप था कि निकाह के कुछ समय बाद ससुर मोईन उद्दीन, सास सबिहा नाज, पति अजहर उद्दीन, देवर अमन उद्दीन उसे प्रताड़ित करते हुए दहेज की मांग करने लगे। आरोप है कि उसने अपनी मौसेरी सास नीलोफर को इस बारे में जानकारी दी तब उन्होंने भी गाली गलौच करते हुए धमकी दी। आरोप है कि उसकी पिटाई करते हुए पचास लाख की मांग की जाने लगी। आरोप है कि पति उसका गर्भपात कराना चाहता था लेकिन विरोध करने पर उसके पति ने बदनीयती से धक्का दे दिया। गिरने पर उसकी तबीयत खराब हो गई लेकिन ससुराल जन उसे अस्पताल नहीं ले गए।





अगले दिन सूचना मिलने पर पहुंचे उसके मायके वाले उसे अपने साथ बरेली ले गए, जहां उसके जब अस्पताल ले जाया गया तब उसका गर्भपात हो गया। तब से फरार चल रहे आरोपी पति की तलाश में बीते दिन सुबह किला थाने के एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में पुलिस टीम ने छापा मारकर पति को दबोच लिया, जिसे बरेली पुलिस अपने साथ ले गए। इस संबंध में पूछने पर पटेल नगर कोतवाली प्रभारी सूर्य भूषण नेगी ने बताया कि बरेली पुलिस के किसी व्यक्ति को अपने साथ ले जाने की सूचना मिली है लेकिन बरेली पुलिस ने उनसे संपर्क नहीं साधा था।

# 9 अंकों के नंबर से कॉल आए तो हो जाएं सतर्क, नहीं तो हो जाएगा बैंक अकाउंट खाली

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 19 अक्टूबर : अगर आपके मोबाइल में नौ अंकों के नंबर से कोई कॉल आता है, तो सावधान हो जाएं। साइबर ठगों ने ठगी का नया तरीका ईजाद किया है। पहले वे कोरियर कंपनी के कर्मचारी बनकर आपके नाम से कोई पार्सल होने की बात कहेंगे और फिर पार्सल में मादक पदार्थ होने की बात कहकर आपके खाते से जुड़ी जानकारियां लेकर खातों में रुपये जमा कराएंगे। साइबर थाना पुलिस ने लोगों से अनजान लोगों को आधार कार्ड, पैन कार्ड और खाते संबंधी जानकारियां साझा नहीं करने की अपील की है। इन दिनों साइबर ठग नौ अंकों के नंबर से लोगों को कॉल कर रहे हैं। वे खुद को कोरिअर कंपनी का कर्मचारी बताते हुए चीन या किसी अन्य देश से पार्सल आने की बात कहते हैं।




जब व्यक्ति की ओर से इंकार किया जाता है तो ठग पार्सल में मोबाइल नंबर लिखे होने और पार्सल में मादक पदार्थ होने की बात कहकर डराने की कोशिश करता है। इसके बाद ठग दूसरे नंबर से कस्टम या नारकोटिक्स विभाग का अधिकारी बनकर कॉल करता है। व्यक्ति के पार्सल को लेकर अनभिज्ञता जताने पर ठग सबूत के रूप में बैंक स्टेटमेंट और आईडी मांगता है। इसके बाद कुछ ट्रांजेक्शन संदिग्ध बताते हुए अपने खाते में रुपये डलवा देता है। साइबर थाना कुमाऊं प्रभारी ललित मोहन जोशी कहते हैं कि नौ अंक के नंबर से कोई कॉल आए तो सत्यापन जरूर कर लें। उनके पास ऐसी लिखित शिकायत नहीं आई है, मगर ठग यह तरीका भी अपना रहे हैं। अनजान कॉलर से खाता संबंधी कोई भी जानकारी साझा न करें। ऐसे मामले में तत्काल साइबर थाना पुलिस या स्थानीय पुलिस से संपर्क जरूर कर लें।

# बढ़ती उम्र में अर्थराइटिस से हैं परेशान? रखें सावधानी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 19 अक्टूबर , उम्र बढ़ने के साथ अधिकांश लोगों को जोड़ों में दर्द या सूजन की समस्या से जूझना पड़ता है. हड्डियों या जोड़ों में होने वाले इस दर्द को अर्थराइटिस कहा जाता है. अर्थराइटिस एक ऐसी बीमारी है, जिसके लक्षण धीरे-धीरे दिखाई देते हैं और शुरुआत में ही इसके प्रति यदि सतर्क हो जाएं तो मरीज इस समस्या से खुद का बचाव कर सकता है. इंदौर स्थित कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल के डॉ. मनीष लधानिया, कन्सल्टेन्ट, ऑर्थोपेडिक एंड जॉइन्ट रिप्लेसमेंट सर्जन, इस बारे में विस्तार से जानकारी दे रहे हैं.

अर्थराइटिस यानी गठिया के लक्षण

अर्थराइटिस को आम भाषा में गठिया के नाम से भी जाना जाता है. अर्थराइटिस होने पर मरीजों को शरीर में ऐसे स्थान पर बहुत ज्यादा दर्द होता है, जहां दो हड्डियां मिलती है. इसमें घुटने, कोहनी और उंगलियों में सूजन के कारण काफी तेज दर्द उठता है. इसके अलावा अर्थराइटिस के कारण मरीजों की आंखें, हृदय व त्वचा भी प्रभावित हो सकती हैं. शरीर का इम्यून सिस्टम भी प्रभावित होता है. अर्थराइटिस की बीमारी भी दो तरह की होती है. पहला ऑस्टियो अर्थराइटिस और दूसरा रुमेटाइड अर्थराइटिस.



इस कारण होता है अर्थराइटिस

अर्थराइटिस की समस्या शरीर के बढ़ते वजन के कारण भी हो सकती है. मोटापे के कारण जोड़ों में दर्द और ऐंठन की समस्या होती है और इस कारण जोड़ों में मौजूद कार्टिलेज प्रभावित होता है. इसके अलावा कुछ लोगों में यह समस्या अनुवांशिक कारणों से भी होती है. वहीं आजकल अनियमित दिनचर्या और खानपान में लापरवाही के कारण भी कुछ लोगों में अर्थराइटिस की समस्या देखी जाने लगी है. आमतौर पर अर्थराइटिस की बीमारी 60 साल से ज्यादा उम्र के लोगों में देखी जाती है. ऑस्टियो अर्थराइटिस की समस्या मुख्य रूप से किसी चोट या एक्सीडेंट के कारण होती है.

## संक्षिप्त खबरें

### ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक की सुविधाओं के बारे में दी जानकारी

श्रीनगर गढ़वाल। गौरव सैनानी पूर्व सैनिक व अर्द्ध सैनिक एसोसिएशन श्रीनगर के संयुक्त तत्वधान में श्रीकोट गंगानाली में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल (से.नि.) ओमप्रकाश फरस्वाण ने सैनिकों और सेवानिवृत सैनिकों एवं उनके परिवारजनों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में बताया। साथ ही ईसीएचएस से आए गजेंद्र सिंह ने सैनिकों को ईसीएचएस पॉलिक्लिनिक की सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर हयात सिंह झिंक्वाण, जगदीश भट्ट, दर्शन सिंह भंडारी, सुनिल पंवार, हरेंद्र नेगी, दीपक, गिरीश गैरोला आदि मौजूद रहे।

### सीएम हेल्प लाइन में लापरवाही पर होगी कार्रवाईः डीएम

नई टिहरी। डीएम मयूर दीक्षित ने जनोपयोगी योजनाओं व सीएम हेल्प लाइन की शिकायतों को लेकर विभागीय अधिकारियों की बैठक लेते हुए निर्देश दिए कि पात्र व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं का लाभ हर-हाल में देना विभाग सुनिश्चित करेंगे। सीएम हेल्प लाइन की शिकायतों में लापरवाही पर विभाग की जिम्मेदारी सुनिश्चित कर कार्रवाई की चेतावनी दी। डीएम दीक्षित ने जिला सभागार में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए विभाग रोस्टर वाइज कार्य करें। कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। विभाग योजनाओं को ज्यादा लंबित न करते हुए संचालन में आ रही दिक्कतों से समय पर अवगत करायें। इसके साथ ही डीएम ने बैठक में कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि सीएम हेल्प लाईन की शिकायतों में लापरवाही पर जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। शिकायतकर्ता को विभाग हर हाल में संतुष्ट करे। डीएम ने कृषि एवं पंचायती राज विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि पीएम किसान पेंशन योजना की समस्यायें हो या फिर परिवार रजिस्टर की शिकायतें। इनका निस्तारण हरहाल में विभागीय स्तर पर किया जाय। छोटी-छोटी आपत्तियों व शिकायतों को विभाग आपस में समन्वय बनाकर निस्तारित करें। जिला पंचायत और नगर पालिका नई टिहरी को डीएम ने बीपूरम बोटिंग प्वाईंट पर साफ-सफाई करने के निर्देश भी दिए। बैठक में डीएम ने सितम्बर माह तक की राजस्व संर्वधन एवं अनुश्रवण समिति की समीक्षा करते हुए एएमए जिला पंचायत, जल संस्थान एवं सहित सभी नगर पालिका व नगर पंचायत ईओ को राजस्व वृद्धि करने के निर्देश दिए। विभागों को खराब कम्प्यूटर, कार्टेज व अन्य उपकरणों को ससमय निष्प्रोज्य घोषित करने को कहा। इस अवसर पर सीडीओ मनीष कुमार, डीएफओ पुनीत तोमर, सीईओ एसपी सेमवाल, जिला सेवायोजन अधिकारी विनायक श्रीवास्तव, ईई पुनर्वास धीरेन्द्र नेगी, ईई लोनिवि जेएस खाती, सहायक निदेशक दुग्ध प्रेम लाल, सहायक निदेशक मत्स्य गरीमा मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# गौकशी, अवैध पशु कटान व बिक्री में शामिल 3 आरोपी गिरफ्तार

■ बोले एसएसपी अजय सिंह गौकशी, अवैध पशु कटान को किसी कीमत पर नहीं करेंगे बर्दाश्त

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून 19 अक्तूबर। गौकशी व अवैध पशु कटान और बिक्री में शामिल अपराधियों के खिलाफ एसएसपी अजय सिंह के सख्त निर्देशों पर दून पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है दून पुलिस ने थाना सहसपुर क्षेत्र से 3 लोगों को अवैध पशु मांस के साथ गिरफ्तार किया है।एसएसपी अजय सिंह ने कहा कि गौकशी, अवैध पशु कटान, बिक्री जैसे अपराधों को किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे सभी अपराधी सलाखों के पीछे होंगे।एसएसपी देहरादून द्वारा अवैध रूप से पशुओं का कटान कर बूचड़खाने चलाने व बिना लाइसेंस के मांस का विक्रय करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जिसके चलते थाना सहसपुर ग्राम खुशहालपुर में पशुओं का अवैध कटान कर बिना लाइसेंस मांस विक्रय करने की शिकायत प्राप्त हो रही थी। बुधवार को थानाध्यक्ष सहसपुर के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा छापेमारी करते हुए ग्राम खुशहालपुर में साजिद की दुकान से अवैध रूप से पशुओं का कटान कर मांस का विक्रय करना पाया गया। जिसमें 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया। मौके से पुलिस टीम ने 304 किग्रा. अवैध भैंस का मांस बरामद किया। कब्जे में लिये 304 किग्रा अवैध मांस को गड्ढा खोदकर दबाया गया है। जबकि दुकान मालिक साजिद वांछित कर चार के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसमें दिलशाद, साजिद निवासी ग्राम खुशहालपुर व कुर्बान निवासी ग्राम संसारपुर थाना बेहट, सहारनपुर को गिरफ्तार किया गया।

# 2 साल में कई राज्यों में खपाई 7 करोड रुपए की कीमत की नकली दवाएं



■ एसएसपी अजय सिंह बोले दिल्ली, बिहार, उत्तरप्रदेश, मध्य प्रदेश में करीब 44 स्थानों पर सप्लाई हुई नकली दवाएं

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 19 अक्तूबर। नकली दवाओं की सप्लाई के मामले में दून पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि दो साल में उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश व दिल्ली सहित कई राज्यों में करीब 7 करोड़ की कीमत की नकली दवाएं खपाई गई हैं। थाना रायपुर पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने देहरादून व हरिद्वार जिले में नकली दवाओं की फैक्ट्री पर छापा मारा था। जिसमें भारी मात्रा में नकली दवाओं को बरामद करते हुए मुख्य आरोपी सचिन शर्मा को गिरफ्तार किया गया। जिसमें थाना रायपुर में 420, 467 468, 47, 483, 336 धाराओं में मुकदमे पंजीकृत किए गए। छानबीन में नकली दवाओं के व्यापार में लिप्त आरोपियों के खातों से लाखों रुपए के बैंक ट्रांजेक्शन पाई गई। साथ ही नकली दवाओं की खेप को देश के अलग-अलग राज्यो में करीब 44 स्थानों पर सप्लाई किए जाने की पुष्टि हुई। मामले में वाणिज्य कर विभाग से सम्पर्क कर आरोपियों की बैंक डिटेल्स निकलवाई। जिसमें वर्ष 2022 व 2023 के दौरान 2 वर्ष में करीब 7 करोड़ रुपए मूल्य की दवाओं को आरोपियों द्वारा देश के अलग-अलग स्थानों पर सप्लाई किए जाने की बात सामने आई। जिसमें दिल्ली के एक सप्लायर को 90 लाख रुपए की दवाए सितंबर महीने में सप्लाई की गई।एसएसपी देहरादून अजय सिंह ने तत्काल स्पेशल टीम गठित कर कई स्थानों पर नकली दवाओं की रिकवरी के लिए टीमें रवाना की गई। ड्रग कंट्रोलर देहरादून और स्वास्थ्य विभाग के ड्रग कंट्रोलर से दवाओं को जब्त करने के बारे में पत्राचार के माध्यम से बातचीत चल रही है।

## संपादकीय

# समलैंगिक विवाह अमान्य

संविधान में विवाह एक मौलिक अधिकार नहीं है, लिहाजा सर्वोच्च अदालत की संविधान पीठ ने समलैंगिक विवाह को मान्यता देने से इंकार कर दिया है। हालांकि अदालत ने समलैंगिकों के हितों और कुछ अधिकारों को संरक्षण देने की पैरवी जरूर की है। प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने समलैंगिक विवाह के मद्देनजर विशेष विवाह अधिनियम में संशोधन करने या मान्यता देते हुए पंजीकरण करने से भी इंकार कर दिया है। प्रधान न्यायाधीश ने स्पष्ट किया है कि कानून बनाना अदालत का विशेषाधिकार नहीं है। वह सिर्फ कानून की समीक्षा और व्याख्या कर सकती है, लिहाजा इस मामले को संसद और सरकार के विवेकाधीन छोड़ दिया गया है। एक सुझाव जरूर दिया गया है कि सरकार कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में एक समिति का गठन करे, जो समलैंगिक विवाह के तमाम आयामों पर विमर्श करने के बाद अपनी रपट सरकार को सौंपे। उसके आधार पर संसद में बहस की जा सकती है। संविधान पीठ ने यह निर्देश भी दिया है कि केंद्रीय कानून के अभाव में राज्य भी कानून बना सकते हैं। हालांकि चार न्यायाधीशों ने अलग-अलग फैसले दिए, असहमतियां भी व्यक्त कीं, लेकिन समलैंगिक विवाह को मान्यता न देने पर पूरी पीठ एकमत थी। समलैंगिक विवाह को 'विशेष विवाह अधिनियम' के तहत मान्यता देने और अन्य संबद्ध पहलुओं को लेकर 21 याचिकाएं सर्वोच्च अदालत में दाखिल की गई थीं। सवाल यह भी था कि क्या 'लैंगिक अल्पसंख्यक' भी जीवन, आजादी, समानता और गैर-भेदभाव सरीखे मौलिक अधिकारों के पात्र हैं? क्या विशेष विवाह अधिनियम को 'लैंगिक तटस्थ' बनाया जा सकता है? वे एक 'भारतीय पारिवारिक ईकाई' के तौर पर धार्मिक वैधता या सामाजिक स्वीकार्यता नहीं मांग रहे थे, लिहाजा साफ है कि वे 'विवाह' की संस्था के मायने, उसके उत्तरदायित्व, समर्पण, सहवास और जिम्मेदारियों के मायने बदलने के पक्षधर हैं। दरअसल भारतीय समाज में, किसी भी समुदाय में, विवाह एक पुरुष और एक स्त्री के बीच सम्पन्न कराए जाते हैं। यही प्रकृति का भी नियम है। पुरुष को 'पति' और स्त्री को 'पत्नी' का दर्जा दिया जाता है। विवाह एक सामाजिक-धार्मिक अनुष्ठान है। उसके कानूनी पक्ष भी हैं। दो विपरीत लिंगी 'सहवास' करते हैं, तो एक नया जीव, प्राणी इस दुनिया में जन्म लेता है। कोख में मानवीय शरीर की संरचना ही इस ब्रह्मांड का सबसे अनूठा करिश्मा है। इसे कोई नकार नहीं सकता। सृष्टि ऐसे ही आकार लेती रही है और उसका विस्तार भी होता रहा है। कानूनी रूप से समलैंगिक समुदाय को बच्चा गोद लेने की भी अनुमति नहीं है। समलैंगिक विवाह एक मनोविकार है और कुदरत को नकारने का एक बौना-सा, निरर्थक प्रयास है। एक शहरी, पढ़ी-लिखी, कथित आधुनिक जमात इस मनोविकार की बीमार है। अदालत ने 2018 में समलैंगिक संबंधों को 'अपराध से मुक्ति' देने का फैसला सुनाया था। उसी के बाद ऐसे विवाह को संवैधानिक मान्यता देने का मुद्दा भड़का है।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**

**संपादक :** मौ.सलीम सैफी, **कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002, **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094
**Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
**न्याय क्षेत्राधिकार :** जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# चौरास एवं बिड़ला परिसर में हो वाईफाई सेवाओं में सुधार

श्रीनगर गढ़वाल। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि श्रीनगर की समस्त कक्षाओं में स्मार्ट क्लास की सुविधाएं दिए जाने व बिड़ला एवं चौरास परिसर में वाईफाई की सेवाओं में सुधार सहित अन्य मांगों को लेकर नव निर्वाचित छात्र संघ सचिव आंचल राणा के नेतृत्व में एनएसयूआई के प्रतिनिधिमंडल ने कुलसचिव से वार्ता की।

इस दौरान उन्होंने छात्रों के लिए स्टूडेंट मेल आईडी सुविधा, प्रयोगशालाओं में उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने की मांग की है। बिडला परिसर श्रीनगर की छात्रसंघ सचिव आंचल राणा ने कहा कि बीपीएड के छात्र-छात्राओं की आखिरी कक्षा 5:45 पर समाप्त होती है। कहा छात्रों की इस समस्या को देखते हुए उनके लिए शाम 6 बजे बस सुविधा प्रदान की जाए। उन्होंने कहा विवि के चौरास व बिड़ला परिसर श्रीनगर की कई प्रयोगशालाओं में समुचित रुप से उपकरण नहीं हैं, जिनकी व्यवस्था जल्द से जल्द की जाए। उन्होंने बताया कि कुलसचिव ने छात्रों की मांगों पर जल्द सकारात्मक कार्यवाही का भरोसा दिया है। इस अवसर पर एनएसयूआई के प्रदेश सचिव अमित भट्ट, मोहित राणा, अखिल राणा, सार्थक मनादुली, मयंक बहुगुणा, देवेंद्र बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# छात्राओं को दिया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

श्रीनगर गढ़वाल। महिला थाना श्रीनगर पुलिस टीम द्वारा देवभूमि पब्लिक स्कूल नकोट बिलकेदार में छात्राओं को सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग दी गई। जिससे छात्राएं विपरीत परिस्थितियों में बहादुरी से सामना कर सकें। इस मौके पर छात्राओं को साइबर अपराधों से बचने के लिए जागरूक किया गया। इसके अलावा छात्राओं को अपने कानूनी अधिकारों के सम्बन्ध में जागरूक करने के लिए पोक्सो ऐक्ट के बारे में भी जानकारी दी गई। साथ ही छात्राओं को महिला संबंधी अपराध, आपातकालीन नम्बर डायल-112, साइबर हेल्पलाइन-1930 और उत्तराखण्ड पुलिस एप में महिला सुरक्षा हेतु उपलब्ध गौरा शक्ति मॉड्यूल में रजिस्ट्रेशन करने के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया गया व छात्राओं को गुड टच, बैड टच के अंतर के बारे में बताया गया।

# धोखाधड़ी में इस्तेमाल तीन बैंक खातों को दून पुलिस ने कराया फ्रीज

■ पीड़ितों के 9 लाख रुपए सहित कुल 18 लाख की धनराशि को कराया होल्ड।

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 19 अक्तूबर। दून पुलिस ने आनलाइन धोखाधड़ी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन बैंकों के खातों को फ्रीज कराया है। एसएसपी अजय सिंह के कुशल नेतृत्व में दून पुलिस ने यह कार्रवाई की है।कोतवाली डालनवाला क्षेत्र में पीड़ित प्रभात कुमार निवासी ज्वालाजी अपार्टमेंट डालनवाला ने धोखाधड़ी का आरोप लगाया था। डालनवाला थाने में दी तहरीर में उन्होंने लिखा कि टेलीग्राम एप व बिटकॉइन में पैसों का लालच देकर विभिन्न खातों में अलग- अलग तिथियों में करीब 9 लाख रुपये से अधिक की धनराशि ठग ली। 18 अक्टूबर को मामले में डालनवाला थाने में मुकदमा भी दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान अभियुक्त के एक्सिस बैंक के 3 बैंक खाते तमिलनाडु, बिहार व पंजाब राज्य में मिले। बैंक खातों के संबंध में त्वरित कार्रवाई करते हुए धोखाधड़ी से अर्जित कुल 18 लाख रुपये की धनराशि को पुलिस द्वारा फ्रीज कराया गया है। वादी से धोखाधड़ी कर ठगी गयी धनराशि को वादी को वापस दिलाने हेतु अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत बनाने की नींव है प्रशिक्षण केंद्र : डीआईजी

श्रीनगर गढ़वाल( आरएनएस )। केंद्रीयकृत प्रशिक्षण केंद्र एसएसबी श्रीनगर के नव नियुक्त उप महानिरीक्षक सुभाष चंद्र नेगी ने कहा कि प्रशिक्षण केंद्र में जरूरी सुविधाओं का विकास करना उनकी प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि आपदा के बाद ध्वस्त हुए एसएसबी के बद्रीश स्टेडियम को नए स्वरूप में ढाला जा रहा है, जल्द ही इसका नया स्वरूप अस्तित्व में आएगा। जिससे जवानों को प्रशिक्षण की और बेहतर सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि केंद्रीयकृत प्रशिक्षण केंद्र जवानों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत बनाने की नींव है।उन्होंने कहा कि 2013 की आपदा में एसएसबी का बड़ा हिस्सा ध्वस्त हो गया था। जिसको सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार ने सुरक्षा दीवार का निर्माण व आरवीएनएल ने ध्वस्त हुए हिस्से में रेलवे लाइन निर्माण से निकले मलबे को यहां डंप कर इस जमीन को समतल बनाने में मदद की है। इसके लिए उन्होंने एसएसबी की ओर से राज्य सरकार व आरवीएनएल का धन्यवाद भी दिया। उन्होंने कहा कि एसएसबी की नगर क्षेत्र व आस-पास जो खाली जमीन है उसको उपयोग में लाया जाएगा। कहा केंद्रीय विद्यालय श्रीनगर को अपग्रेड करने के लिए जमीन उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। डीआईजी नेगी इससे पहले आसाम सेक्टर रंगिया में कमांडेंट के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपनी सेवा हिमांचल से असिस्टेंट कमांडेंट के रूप में शुरू की है।

# खेल मंत्री रेखा आर्या की युवाओं से अपील

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 19 अक्टूबर , खेल मंत्री रेखा आर्या ने देहरादून में बदलाव फाउंडेशन द्वारा आयोजित नशा मुक्त अभियान के तहत क्रिकेट मैच के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की जहां उन्होंने क्रिकेट मैच की शुरुवात टॉस कराकर की।खेल मंत्री ने कहा कि बदलाव फाउंडेशन द्वारा युवाओं को नशे से दूर करने की यह पहल सराहनीय है।यहां कुल 20 टीमों के मध्य में क्रिकेट मैच के आयोजन किये जायेंगे जो कि देहरादून के अलग-अलग मैदानों में खेले जाएंगे।यह क्रिकेट के मैच कुल 20 टीमो के बीच खेले जाएंगे जो कि आज से शुरू होकर 5 नवंबर तक चलेंगे।



वहीं खेल मंत्री ने सभी को संबोधित करते हुए यही कहा कि अगर जीवन मे किसी लक्ष्य को प्राप्त करना है तो हमे नशे से दूर रहना होगा क्योंकि अगर हमसब नशे से दूर रहेंगे तो अपने जीवन मे हर वह लक्ष्य पा सकते हैं जिसकी हम कल्पना करते हैं।नशा एक ऐसी चीज है जो हमारे सपनो को तो खत्म करती ही है साथ ही साथ हमे अंदर से खोखला भी बनाती है।आज का युवा अपने मकसद और अपने सपनो से सिर्फ इसलिए भटक रहा है क्योंकि वह नशे की गिरफ्त में जा रहा है।



आज हमें युवा पीढ़ी को नशे से दूर करने की जरूरत है ,ऐसे में बदलाव फाउंडेशन द्वारा युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से इस प्रकार का आयोजन सराहनीय है।यह जानकर भी बेहद खुशी हुई कि जो यह मैच हो रहे है यहां पर सभी 30 वर्ष से अधिक आयु के लोग प्रतिभाग कर रहे है! कहीं ना कहीं जहां खेलो से हमारा शरीर स्वस्थ्य होता है वहीं हम निरोगी भी बनते हैं।

बता दे कि 18 अक्टूबर से 05 नवंबर, 2023 के मध्य बदलाव फाउंडेशन की ओर से क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस खेल प्रतियोगिता में 20 टीमें प्रतिभाग करेंगी।यह खेल टूर्नामेंट प्रदेश में नशे के प्रति जनजागरण हेतु किया जा रहा है। विशेषता प्रतिभाग करने वाली सभी टीमें सरकारी एवं उच्च पदाधिकारियों के सहयोग से गठित की गई है। हमारा संदेश देश के कर्णधार युवाओं को नशे के प्रति जागरूक कर भारत से नशे का समूह नाश करना है।

## उद्यामिता किसान सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 19 अक्टूबर , कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने दून विश्वविद्यालय में स्मृति विकास संस्थान के सौजन्य से भारतीय किसान संघ एवं स्वावलम्बी भारत अभियान, उत्तराखण्ड द्वारा आयोजित उद्यामिता किसान सम्मेलन एवं सम्मान समारोह व उत्तराखंड विकास प्रदर्शनी कार्यक्रम में बतौर अतिथि प्रतिभाग किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने समारोह में लगी विभिन्न विकास प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम में मंत्री गणेश जोशी ने राष्ट्रीय विचारक व मार्गदर्शक के. एन.गोविंदाचार्य का पौधा एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उत्कृष्ट उद्यमी किसानों को सम्मानित किया गया।

मंत्री ने कहा भारत के कृषि प्रधान देश है। देश की जीडीपी में कृषि का अहम योगदान है। उन्होंने कहा आज प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों का ही परिणाम है, कि भारत आज 70 से अधिक देशों को खाद्यान्न निर्यात कर रहा है। मंत्री ने कृषि में अधिक प्रेस्टिसाइज के उपयोग पर चिंता भी व्यक्त की।उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की कुल कृषि योग्य भूमि में से 2.17 लाख हैक्टेयर क्षेत्रफल को जैविक कृषि के अंतर्गत आच्छादित किया गया है और यह क्षेत्रफल कुल कृषि भूमि का 34 प्रतिशत है।

मंत्री गणेश जोशी ने कहा राज्य में प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देने के लिए प्राकृतिक कृषि विकास बोर्ड का गठन किया जा रहा है। मंत्री ने कहा आत्म निर्भर प्राकृतिक किसान योजना के तहत राज्य में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए इस वर्ष 10 करोड़ की प्राविधान किया गया है। इसके अतिरिक्त 5 करोड़ रुपए से प्राकृतिक कृषि नमामि गंगा कॉरिडोर शुरू की जा रही है। इस योजना से गंगा तट पर 5 किमी की परिधि में प्राकृतिक कृषि के लिए प्रोत्साहन दिया जायेगा। उन्होंने कहा राज्य सरकार के संकल्प है वर्ष 2025 तक हम अपने उत्पाद को दोगुना करेंगे इस दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे है। इस अवसर पर राष्ट्रीय विचारक व मार्गदर्शक के. एन.गोविंदाचार्य, कुलपति सुरेखा डंगवाल, संयोजक सुरेंद्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष किसान संघ भुवन विक्रम डबराल, डीन दून यूनिवर्सिटी एस. सी.पुरोहित, ललित जोशी, सुनील अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## 21 अक्टूबर को झलक इंडिया एग्जिबिशन में इस बार सजेगी सुरों की महफिल

■ मुफ्त में लगाई जाएगी महिलाओं की मेहंदी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून । झलक इंडिया लाइफ़स्टाइल एग्जिबिशन एक बार फिर राजधानी देहरादून में धूम मचाने के लिए तैयार है। इस बार झलक इंडिया एग्जीबिशन के दौरान शुरू की महफिल भी सजेगी और महिलाओं को मुफ्त मेहंदी भी लगाई जाएगी तो शॉपिंग के साथ-साथ ले सकते हैं गीत संगीत और मेहंदी का मजा।

जानकारी देते हुए झलक इंडिया लाइफस्टाइल एग्जिबिशन की आयोजन मीनाक्षी अग्रवाल ने बताया कि पिछले कई वर्षों की भांति इस बार भी 21 अक्टूबर को झलक इंडिया एक बार फिर त्योहार ही सीजन में शॉपिंग करने का मौका दे रहा है साथ ही इस बार बहुत कुछ नया हो रहा है।



उन्होंने बताया कि एग्जीबिशन की बात करें तो भारतवर्ष के विभिन्न हिस्सों से लोग यहां पर स्टाल लगाने आ रहे हैं आपको एक ही छत के नीचे कई प्रदेशों की झलक देखने को मिलेगी वहीं शाम को 4:00 बजे से ध्वनि म्यूजिकल इवनिंग का आयोजन किया गया है जिसमें शिखर कच्छल जी एवं टीम अपनी प्रस्तुतियां देंगे और एक बार फिर लोगों को पुराना दौर याद करेंगे। साथ-साथ पूरा दिन यहां पर महिलाओं को मेहंदी लगवाने का अवसर भी दिया जा रहा है जो महिलाएं यहां पर शॉपिंग के लिए आएंगे वह यहां से मेहंदी लगवा कर जा सकती हैं।

## माध्यमिक स्कूलों की खेल प्रतियोगिताओं (गढ़देवा 2023) का हुआ आगाज

■ बदलने लगी है भारत के खेलों की तस्वीरः प्रो. भट्ट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

श्रीनगर गढ़वाल। सीडीएस विपिन रावत स्पोर्ट्स स्टेडियम श्रीकोट गंगानाली श्रीनगर में माध्यमिक स्कूलों की खेल प्रतियोगिताओं( गढ़देवा 2023 ) का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आगाज हुआ। प्रतियोगिताओं का उदघाटन करते हुए गढ़वाल विवि के प्रति कुलपति प्रो. राकेश चंद्र भट्ट ने कहा खेलो इंडिया जैसे आयोजनों से भारत में खेलों की तस्वीर बदलने लगी है। उन्होंने सरकार की शिक्षा व खेल की उपलब्धियों को बताते हुए हाल ही में हुए एशियाड खेलों में भारत के शानदार प्रदर्शन के लिए खेलो इंडिया जैसी योजनाओं को श्रेय दिया। बुधवार को गत वर्ष के चैंपियन अमन भट्ट ने खेल मशाल प्रज्ज्वलित कर सभी प्रतिभागियों को खेल भावना से खेलने की शपथ दिलाई। इससे पूर्व राबाइंका श्रीनगर की छात्राओं ने स्वागत गीत व कान्वेंट स्कूल की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां दी। पहले दनि सीनियर बालक की 800 मी. दौड़ में राइंका कुरियाखाल पोखड़ा के अमन प्रथम, राइंका कोटद्वार दुग्ड्डा के फरदीन द्वितीय व राइंका गवाड़ी थलीसैण के अनिल सिंह तृतीय रहे। सीनियर बालिका वर्ग की 800 मी. दौड़ में राइंका गडोली थलीसैण की कु. नीलम प्रथम, राइंका गैडखाल यमकेश्वर की अंजलि द्वितीय व राइंका गडिगांव पावौ की दिया रावत तृतीय रही। जूनियर बालक वर्ग की 800 मी. दौड़ में राइंका बरखेत रिखणीखाल के रोहन ने प्रथम, राइंका थलीसैण के हेमंत रावत ने द्वितीय व राइंका बल्ली दुग्ड्डा के शिवम नेगी ने तृतीय स्थाना प्राप्त किया। जूनियर बालिका वर्ग की 800 मी. दौड़ में इंका मोटाढाग दुग्ड्डा की रीता, राइंका गैडखाल यमकेश्वर की संजना, राउमावि रिकसाल थलीसैण की ज्योति ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। सब जूनियर बालक वर्ग की 600 मी.दौड़ में राइंका गैडखाल के ऋषभ, बालिका वर्ग में राइंका मोहनचट्टी यमकेश्वर की निकिता ने प्रथम स्थान हासिल किया।

मौके पर कार्यक्रम अध्यक्ष मुख्य शिक्षा अधिकारी दिनेश चंद्र गौड़, खंड शिक्षा अधिकारी अश्विनी रावत, विशिष्ट अतिथि श्रीनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र धिरवाण, युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर जोशी, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र रावत, वासुदेव कंडारी, प्रदीप मल्ल, सरोप सिंह मेहरा, बलराज गुसांई आदि मौजूद रहे। संचालन डॉ. सरिता उनियाल ने किया।

## कांग्रेसियों ने एनडी तिवारी को श्रद्धांजलि दी

हरिद्वार। जिला महानगर कांग्रेस कमेटी ने पूर्व मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी की जयंती और पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी और कार्यकारी अध्यक्ष अमन गर्ग ने कहा कि पंडित नारायण दत्त तिवारी ने उत्तर प्रदेश के साथ उत्तराखंड में विकास की अहम भूमिका निभाई। प्रदेश कांग्रेस स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष मुरली मनोहर और वरिष्ठ नेता ओपी चौहान ने कहा कि नारायण दत्त तिवारी ऐसे राजनेता थे जो हर विषय पर गहरी पकड़ रखते थे। पार्षद राजीव भार्गव और कैलाश भट्ट ने कहा कि नारायण दत्त तिवारी विकास पुरुष के साथ ही युग पुरुष भी थे।

महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता जोशी और पूर्व मंत्री संतोष चौहान ने कहा कि विकास में नारायण दत्त तिवारी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष कैश खुराना, युवा नेता नितिन तेश्वर ने कहा कि नारायण दत्त तिवारी ने सिडकुल की स्थापना कर युवाओं को रोजगार दिया। श्रद्धांजलि देने वालों में ब्लॉक अध्यक्ष अमित नौटियाल, विकास चंद्रा, विरेंद्र श्रमिक, मुकुल जोशी, अशोक गुप्ता, प्रदीप त्यागी, ईसम सिंह, नितिन यादव, मनीष गुप्ता, बीना कपूर, रेखा गुप्ता, समर्थ अग्रवाल, लव चौहान आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### कॉलेज यूनिवर्सिटी के खिलाफ एबीवीपी का प्रदर्शन

रुडक़ी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने केएलडीएवी कॉलेज प्रशासन और श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय के खिलाफ धरना प्रर्दशन किया। छात्रों ने दोनों संस्थाओं पर रिजल्ट समय से तैयार नहीं करने और अन्य अनियमितताओं का आरोप लगाया। कहा कि जल्द गड़बड़ी दूर नहीं की गई तो उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। एबीवीपी की ओर से केएलडीएवी कॉलेज परिसर में धरना प्रदर्शन किया गया। कार्यकर्ताओं ने बताया कि बीएससी द्वितीय वर्ष का माइक्रोबायोलॉजी का रिजल्ट अभी तक घोषित नहीं हुआ है। इसके अलावा कुछ छात्रों को फाइनल ईयर का रिजल्ट नहीं मिला है। आरोप है कि कॉलेज प्रशासन की ओर से प्रैक्टिकल के नंबर काफी देरी से श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय को भेजे गए। इसकी वजह से सभी छात्रों को अब बैक पेपर देने होंगे।

### पंचायत भवन निर्माण को लेकर नगला चीना में विवाद

रुडक़ी। नारसन विकासखंड के नगला चीना गांव में बन रहे पंचायत भवन के विरोध में ग्रामीणों ने धरना प्रर्दशन किया। मौके पर पहुंची पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी ने ग्रामीणों को समझाया और मामला यथास्थिति रखने की हिदायत दी। गांव नगला चीना की ग्राम प्रधान विशाखा ने गांव में पड़ी कृषि विभाग की भूमि से अनापत्ति प्रमाण पत्र हासिल कर वहां पंचायत भवन के निर्माण का कार्य शुरू कराया है। इसी मामले को लेकर कुछ लोग रुडक़ी तहसील दिवस में भी मंगलवार को शिकायत लेकर पहुंचे थे।गांव में एक पक्ष ने निर्माण कार्य का विरोध करते हुए कहा कि यह बाबा साहब भीमराव आंबेडकर पार्क की भूमि है। इस भूमि पर पंचायत भवन नहीं बनाया जा सकता। कुछ दिनों पहले हुए निर्माण कार्य को धराशाई करने और ग्राम प्रधान से मारपीट करने के आरोप में पुलिस को तहरीर दी थी।

### सीबीआरआई के वैज्ञानिक सौंपेंगे सौ टेक्नोलॉजी

रुडक़ी। अगले माह दिल्ली में आयोजित होने वाली टेक्नोलॉजी मेला में सीबीआरआई के वैज्ञानिक सौ के करीब टेक्नोलॉजी प्रदर्शित करेंगे। सीबीआरआई के एक वरिष्ठ वैज्ञानिक ने बताया कि टेक्नोलॉजी मेला दिल्ली में होना है। हालांकि अभीतक तारीख तय नहीं है। उन्होंने बताया कि वैसे अगले माह इसका आयोजन किया जाएगा। सभी वैज्ञानिक अपने अपने टेक्नोलॉजी पर काम कर रहे हैं। तारीख तय होने के साथ ही इन टेक्नोलॉजी को वहां प्रदर्शित किया जाएगा। साथ ही मेले में आए लोगों को सीबीआरआई के वैज्ञानिकों के उत्कृष्ट कार्यों की जानकारी भी जाएगी। उन्होंने बताया कि कुछ कंपनियों से बातचीत कर ही है। एक साथ कई कंपनियों को टेक्नोलॉजी ट्रांसफर भी किया जाएगा।